Series ABCD1/2

Set No. 3

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code 67/2/3

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* ***15*** *हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में* ***12*** *प्रश्न हैं ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains* ***15*** *printed pages.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- *Please check that this question paper contains* ***12*** *questions.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

लेखाशास्त्र
ACCOUNTANCY

निर्धारित समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 40*

Time allowed : 2 hours *Maximum Marks : 40*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में* ***दो*** *भाग हैं –* ***भाग क*** *और* ***भाग ख*** *। इस प्रश्न-पत्र में* ***12*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) ***भाग क*** *सभी परीक्षार्थियों के लिए* ***अनिवार्य*** *है ।*

(iii) ***भाग ख*** *में दो विकल्प हैं अर्थात् (1) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण और (2) कम्प्यूटरीकृत लेखांकन । छात्रों को दिए गए विकल्पों में से केवल* ***एक*** *ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

(iv) *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***3*** *और* ***10*** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के* ***2*** *अंक हैं ।*

(v) *प्रश्न संख्या* ***4*** *से* ***6*** *और* ***11*** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के* ***3*** *अंक हैं ।*

(vi) *प्रश्न संख्या* ***7*** *से* ***9*** *और* ***12*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के* ***5*** *अंक हैं ।*

(vii) *कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालाँकि,* ***तीन*** *अंकों वाले* ***3*** *प्रश्नों में और* ***पाँच*** *अंकों वाले* ***1*** *प्रश्न में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है ।*

भाग क

(अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. निम्नलिखित के आधार पर 'प्राप्ति एवं भुगतान खाते' तथा 'आय एवं व्यय खाते' में अन्तर्भेद कीजिए : *2*

(क) अवधि

(ख) नाम पक्ष

2. एक साझेदारी फर्म के विघटन के समय आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए यदि ₹ 40,000 के एक अलिखित लेनदार को एक साझेदार, अमर, द्वारा 10% बट्टे पर भुगतान कर दिया गया । *2*

3. क, ख तथा ग एक फर्म के साझेदार हैं तथा बराबर-बराबर अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं । ग सेवानिवृत्त हो गया और उसका भाग क तथा ख ने 3 : 2 के अनुपात में ग्रहण किया । क तथा ख के नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना कीजिए । *2*

4. (क) 'कपूर स्पोर्ट्स क्लब' की निम्नलिखित सूचना से, 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए 'आय एवं व्यय खाते' के नाम पक्ष में लिखी जाने वाली 'खेल सामग्री' की राशि की गणना कीजिए : *3*

विवरण	राशि ₹
1 अप्रैल, 2020 को खेल सामग्री का स्टॉक	40,000
1 अप्रैल, 2020 को खेल सामग्री के लेनदार	8,000
31 मार्च, 2021 को खेल सामग्री का स्टॉक	20,000
वर्ष 2020 – 21 के दौरान खेल सामग्री के लिए भुगतान की गई राशि	90,000
31 मार्च, 2021 को खेल सामग्री के लेनदार	10,000

अथवा

General Instructions :

Read the following instructions very carefully and strictly follow them :

(i) *This question paper comprises of **two** parts – **Part A** and **Part B**. There are **12** questions in the question paper. **All** questions are compulsory.*

(ii) ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

(iii) ***Part B** has two options i.e. (1) Analysis of Financial Statements and (2) Computerised Accounting. Students must attempt only **one** of the given options.*

(iv) *Questions no. **1** to **3** and **10** are Short Answer Type–I Questions carrying **2** marks each.*

(v) *Questions no. **4** to **6** and **11** are Short Answer Type–II Questions carrying **3** marks each.*

(vi) *Questions no. **7** to **9** and **12** are Long Answer Type Questions carrying **5** marks each.*

(vii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **3** questions of **three** marks and **1** question of **five** marks.*

PART A

(Accounting for Not-for-Profit Organisations, Partnership Firms and Companies)

1. Distinguish between 'Receipts and Payments Account' and 'Income and Expenditure Account' on the basis of the following : *2*

(a) Period

(b) Debit side

2. Pass the necessary journal entry on dissolution of a partnership firm if an unrecorded creditor of ₹ 40,000 was paid by a partner, Amar, at a discount of 10%. *2*

3. A, B and C are partners in a firm sharing profits and losses equally. C retired and his share was acquired by A and B in the ratio of 3 : 2. Calculate the new profit sharing ratio of A and B. *2*

4. (a) From the following information of 'Kapoor Sports Club', calculate the amount of 'sports material' to be debited to 'Income and Expenditure Account' for the year ended 31st March, 2021 : *3*

Details	Amount ₹
Stock of sports material as on 1st April, 2020	40,000
Creditors for sports material as on 1st April, 2020	8,000
Stock of sports material as on 31st March, 2021	20,000
Amount paid for sports material during the year 2020 – 21	90,000
Creditors for sports material as on 31st March, 2021	10,000

OR

(ख) 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए 'रॉयल स्पोर्ट्स क्लब' के स्थिति विवरण में निम्नलिखित सूचना दर्शाइए : *3*

विवरण	राशि ₹
मैच व्यय	10,000
मैच कोष	70,000
मैच कोष के लिए दान	20,000
मैच टिकटों की बिक्री	10,000

5. रमेश, राजेश तथा रमन एक फर्म के साझेदार हैं तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं । 30 जून, 2021 को रमेश की मृत्यु हो गई । 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष में विक्रय ₹ 12,00,000 तथा लाभ ₹ 1,20,000 थे । 1 अप्रैल, 2021 से 30 जून, 2021 तक की अवधि की विक्रय राशि ₹ 4,00,000 थी । खाते प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद किए जाते हैं । रमेश की मृत्यु की तिथि तक लाभ में उसके भाग की गणना कीजिए तथा फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । *3*

6. (क) खण्डेलवाल लिमिटेड ने शर्मा लिमिटेड की ₹ 25,00,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 7,80,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 27,00,000 के क्रय मूल्य पर किया । शर्मा लिमिटेड को भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 10% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर निर्गमित करके किया गया ।
खण्डेलवाल लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

अथवा

(ख) एक उदाहरण की सहायता से ऋणपत्रों का समपार्श्विक प्रतिभूतियों के रूप में निर्गमन का अर्थ समझाइए । *3*

7. निम्नलिखित स्थितियों में पंकज लिमिटेड की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *5*

(क) ₹ 100 प्रत्येक के 7500, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 10,000 के बट्टे पर किया गया, जिनका शोधन 5% के प्रीमियम पर करना है ।

(ख) ₹ 100 प्रत्येक के 5000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया गया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर करना है ।

(ग) ₹ 100 प्रत्येक के 1000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया, जिनका शोधन सममूल्य पर करना है ।

(घ) ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 2,00,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% के बट्टे पर किया गया, जिनका शोधन सममूल्य पर करना है ।

(ङ) ₹ 100 प्रत्येक के 5000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 20% प्रीमियम पर किया गया, जिनका शोधन सममूल्य पर करना है ।

(b) Show the following information in the Balance Sheet of 'Royal Sports Club' for the year ended 31st March, 2021 : *3*

Details	Amount ₹
Match expenses	10,000
Match fund	70,000
Donation for Match fund	20,000
Sale of match tickets	10,000

5. Ramesh, Rajesh and Raman are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. On 30th June, 2021, Ramesh died. Sales for the year ended 31st March, 2021 were ₹ 12,00,000 and profits were ₹ 1,20,000. The sales for the period from 1st April, 2021 to 30th June, 2021 amounted to ₹ 4,00,000. Accounts are closed on 31st March every year. Calculate Ramesh's share of profit till the date of his death and pass the necessary journal entry for the same in the books of the firm. *3*

6. (a) Khandelwal Ltd. took over assets of Sharma Ltd. of ₹ 25,00,000 and liabilities amounting to ₹ 7,80,000 for a purchase consideration of ₹ 27,00,000. The payment to Sharma Ltd. was made by issuing 10% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%.
Pass the necessary journal entries for the above transactions in the books of Khandelwal Ltd. *3*

OR

(b) Explain the meaning of issue of debentures as collateral security with the help of an example. *3*

7. Pass the necessary journal entries in the books of Pankaj Limited for the issue of Debentures in the following cases : *5*

(a) Issued 7500, 10% Debentures of ₹ 100 each at a discount of ₹ 10,000 redeemable at a premium of 5%.

(b) Issued 5000, 10% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 10% redeemable at a premium of 10%.

(c) Issued 1000, 9% Debentures of ₹ 100 each at par redeemable at par.

(d) Issued ₹ 2,00,000, 9% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% redeemable at par.

(e) Issued 5000, 9% Debentures of ₹ 100 each at 20% premium redeemable at par.

8. (क) क तथा ख साझेदार हैं तथा लाभ-हानि बराबर-बराबर अनुपात में बाँटते हैं । 31 मार्च, 2021 को उन्होंने फर्म के विघटन का निर्णय किया । विघटन की तिथि को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31 मार्च, 2021 को क तथा ख का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि ₹	परिसम्पत्तियाँ	राशि ₹
लेनदार		3,00,000	बैंक	3,00,000
क का ऋण		60,000	स्टॉक	2,40,000
श्रीमती क का ऋण		70,000	फर्नीचर	2,00,000
पूँजी :			संयंत्र तथा मशीनरी	1,00,000
क	2,30,000		लाभ-हानि खाता	50,000
ख	2,30,000	4,60,000		
		8,90,000		8,90,000

परिसम्पत्तियों की वसूली तथा देयताओं का भुगतान निम्न प्रकार किया गया :

(i) लेनदारों को 20% कम भुगतान किया गया ।

(ii) क ने ₹ 1,80,000 में फर्नीचर ले लिया तथा ₹ 80,000 में संयंत्र तथा मशीनरी का विक्रय किया गया ।

(iii) ख ने ₹ 1,80,000 में स्टॉक ले लिया ।

(iv) क ने श्रीमती क के ऋण का भुगतान करने का वचन दिया ।

(v) वसूली व्यय ₹ 20,000 का भुगतान ख द्वारा किया गया ।

वसूली खाता तैयार कीजिए । *5*

अथवा

(ख) विदित, विनय तथा सिया एक फर्म के साझेदार थे । 31 मार्च, 2021 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31 मार्च, 2021 को विदित, विनय तथा सिया का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि ₹	परिसम्पत्तियाँ	राशि ₹
लेनदार		72,000	रोकड़	28,000
बैंक ऋण		18,000	स्टॉक	46,000
सामान्य संचय		18,000	देनदार	34,000
			भवन	30,000
पूँजी :			संयंत्र तथा मशीनरी	66,000
विदित	48,000			
विनय	16,000			
सिया	32,000	96,000		
		2,04,000		2,04,000

8. (a) A and B are partners sharing profits and losses equally. On 31st March, 2021, they decided to dissolve their firm. On the date of dissolution, their Balance Sheet was as under :

Balance Sheet of A and B as at 31st March, 2021

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors		3,00,000	Bank	3,00,000
A's Loan		60,000	Stock	2,40,000
Mrs. A's Loan		70,000	Furniture	2,00,000
Capitals :			Plant and Machinery	1,00,000
A	2,30,000		Profit and Loss A/c	50,000
B	2,30,000	4,60,000		
		8,90,000		8,90,000

The assets were realised and liabilities were paid as under :

(i) Creditors were paid at 20% less.

(ii) Furniture was taken over by A for ₹ 1,80,000 and Plant and Machinery was sold for ₹ 80,000.

(iii) B took over the stock at ₹ 1,80,000.

(iv) A promised to pay Mrs. A's loan.

(v) Realisation expenses of ₹ 20,000 were paid by B.

Prepare Realisation Account. *5*

OR

(b) Vidit, Vinay and Siya were partners in a firm. On 31st March, 2021, their Balance Sheet was as follows :

Balance Sheet of Vidit, Vinay and Siya as at 31st March, 2021

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors		72,000	Cash	28,000
Bank Loan		18,000	Stock	46,000
General Reserve		18,000	Debtors	34,000
			Building	30,000
Capitals :			Plant and Machinery	66,000
Vidit	48,000			
Vinay	16,000			
Siya	32,000	96,000		
		2,04,000		2,04,000

उपर्युक्त तिथि को, विनय सेवानिवृत्त हो गया तथा निम्न पर सहमति हुई :

(i) स्टॉक के मूल्य को ₹ 10,000 से कम कर दिया जाएगा ।

(ii) संयंत्र तथा मशीनरी का मूल्यांकन ₹ 80,000 पर किया जाएगा ।

(iii) लेनदारों में सम्मिलित ₹ 4,500 की राशि का दावा नहीं किया जाएगा ।

(iv) देनदारों का मूल्यांकन ₹ 30,000 किया गया ।

(v) विनय को देय राशि विनय के ऋण खाते में स्थानान्तरित की जाएगी ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा विनय का पूँजी खाता तैयार कीजिए । *5*

9. ट्रूथ क्लब के 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निम्नलिखित प्राप्ति एवं भुगतान खाते तथा अतिरिक्त सूचना से 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाता तैयार कीजिए : *5*

31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ट्रूथ क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता

प्राप्तियाँ		राशि ₹	भुगतान	राशि ₹
शेष आगे लाए		1,50,000	वेतन	1,80,000
भवन के लिए दान		88,000	किराया	50,000
लॉकर का किराया		80,000	डाक व्यय	2,000
पुराने समाचार-पत्रों का विक्रय		200	पुस्तकें	28,000
चंदा :			फर्नीचर	80,000
2019 – 20	1,800		शेष आगे ले गए	51,000
2020 – 21	70,000			
2021 – 22	1,000	72,800		
		3,91,000		3,91,000

अतिरिक्त सूचना :

(i) क्लब के 80 सदस्य हैं तथा प्रत्येक सदस्य प्रति वर्ष ₹ 1,000 के चंदे का भुगतान करता है ।

(ii) फर्नीचर का क्रय 1 जनवरी, 2021 को किया गया ।

(iii) फर्नीचर पर 10% प्रति वर्ष की दर से मूल्यह्रास लगाया गया ।

On the above date, Vinay retired and it was agreed that :

(i) The value of stock will be reduced by ₹ 10,000.

(ii) Plant and Machinery will be valued at ₹ 80,000.

(iii) An amount of ₹ 4,500 included in creditors is not likely to be claimed.

(iv) Debtors to be valued at ₹ 30,000.

(v) Amount due to Vinay will be transferred to Vinay's Loan Account.

Prepare Revaluation Account and Vinay's Capital Account. *5*

9. From the following Receipts and Payments Account and additional information of Truth Club for the year ended 31st March, 2021, prepare Income and Expenditure Account for the year ended 31st March, 2021 : *5*

Receipts and Payments Account of Truth Club for the year ended 31st March, 2021

Receipts		Amount ₹	Payments	Amount ₹
Balance b/d		1,50,000	Salaries	1,80,000
Donation for building		88,000	Rent	50,000
Locker rent		80,000	Postage	2,000
Sale of old newspapers		200	Books	28,000
Subscriptions :			Furniture	80,000
2019 – 20	1,800		Balance c/d	51,000
2020 – 21	70,000			
2021 – 22	1,000	72,800		
		3,91,000		3,91,000

Additional Information :

(i) The club had 80 members each paying an annual subscription of ₹ 1,000.

(ii) Furniture was purchased on 1st January, 2021.

(iii) Depreciation on furniture was charged @ 10% p.a.

भाग ख

विकल्प 1

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

10. रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय 'ऋणपत्रों के शोधन' का परिणाम रोकड़ का अन्तर्वाह, बहिर्वाह अथवा कोई प्रवाह नहीं होगा, कारण सहित बताइए । *2*

11. (क) निम्नलिखित सूचना से, 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एक्स लिमिटेड का सामान्य आकार लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए : *3*

विवरण	2021 – 22 ₹	2020 – 21 ₹
प्रचालनों से आगम	25,00,000	20,00,000
अन्य आय	3,00,000	2,00,000
व्यय	3,00,000	1,00,000
कर दर 50%		

अथवा

(ख) निम्नलिखित सूचना से, 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वाई लिमिटेड का तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए : *3*

विवरण	2021 – 22 ₹	2020 – 21 ₹
प्रचालनों से आगम	40,00,000	30,00,000
अन्य आय	10,00,000	10,00,000
कर्मचारी हितलाभ व्यय	5,00,000	5,00,000
अन्य व्यय	35,00,000	20,00,000
कर दर 50%		

PART B
OPTION 1
(Analysis of Financial Statements)

10. State with reason, whether 'Redemption of Debentures' would result in inflow, outflow or no flow of cash while preparing Cash Flow Statement. *2*

11. (a) From the following information, prepare a Common Size Statement of Profit and Loss of X Ltd., for the year ended 31st March, 2022 : *3*

Particulars	2021 – 22 ₹	2020 – 21 ₹
Revenue from Operations	25,00,000	20,00,000
Other Income	3,00,000	2,00,000
Expenses	3,00,000	1,00,000
Tax Rate 50%		

OR

(b) From the following information, prepare a Comparative Statement of Profit and Loss of Y Ltd. for the year ended 31st March, 2022 : *3*

Particulars	2021 – 22 ₹	2020 – 21 ₹
Revenue from Operations	40,00,000	30,00,000
Other Income	10,00,000	10,00,000
Employees Benefit Expenses	5,00,000	5,00,000
Other Expenses	35,00,000	20,00,000
Tax Rate 50%		

12. 31 मार्च, 2021 को रमन लिमिटेड के निम्नलिखित स्थिति विवरण से 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए 'प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह' की गणना कीजिए : *5*

31 मार्च, 2021 को रमन लिमिटेड का स्थिति विवरण

विवरण	नोट सं.	31.3.2021 ₹	31.3.2020 ₹
I – समता तथा देयताएँ :			
1. अंशधारक निधियाँ			
(क) अंश पूँजी		7,50,000	7,00,000
(ख) संचय एवं आधिक्य	1	1,25,000	55,000
2. अचल देयताएँ			
दीर्घकालीन उधार		1,00,000	62,500
3. चालू देयताएँ			
(क) लघुकालीन उधार	2	6,000	5,000
(ख) व्यापारिक देय		7,500	41,500
(ग) लघुकालीन प्रावधान	3	9,000	5,500
कुल		9,97,500	8,69,500
II – परिसम्पत्तियाँ :			
1. अचल परिसम्पत्तियाँ			
स्थायी परिसम्पत्तियाँ			
(क) मूर्त परिसम्पत्तियाँ	4	9,30,000	8,05,000
(ख) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ	5	25,000	15,000
2. चालू परिसम्पत्तियाँ			
(क) चालू निवेश		4,000	2,500
(ख) मालसूची (स्टॉक)		18,500	29,500
(ग) व्यापारिक प्राप्य		13,000	11,500
(घ) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य		7,000	6,000
कुल		9,97,500	8,69,500

12. Calculate 'Cash Flows from Operating Activities' for the year ended 31st March, 2021 from the following Balance Sheet of Raman Ltd. as at 31st March, 2021 : *5*

Balance Sheet of Raman Ltd. as at 31st March, 2021

Particulars	Note No.	31.3.2021 ₹	31.3.2020 ₹
I – Equity and Liabilities :			
1. Shareholders' Funds			
(a) Share Capital		7,50,000	7,00,000
(b) Reserves and Surplus	1	1,25,000	55,000
2. Non-Current Liabilities			
Long-term Borrowings		1,00,000	62,500
3. Current Liabilities			
(a) Short-term Borrowings	2	6,000	5,000
(b) Trade Payables		7,500	41,500
(c) Short-term Provisions	3	9,000	5,500
Total		9,97,500	8,69,500
II – Assets :			
1. Non-Current Assets			
Fixed Assets			
(a) Tangible Assets	4	9,30,000	8,05,000
(b) Intangible Assets	5	25,000	15,000
2. Current Assets			
(a) Current Investments		4,000	2,500
(b) Inventories		18,500	29,500
(c) Trade Receivables		13,000	11,500
(d) Cash and Cash Equivalents		7,000	6,000
Total		9,97,500	8,69,500

खातों के नोट्स

नोट सं.	विवरण	31.3.2021 ₹	31.3.2020 ₹
1	संचय एवं आधिक्य (अर्थात् लाभ-हानि विवरण का शेष)	1,25,000	55,000
2	लघुकालीन उधार बैंक अधिविकर्ष	6,000	5,000
3	लघुकालीन प्रावधान कर प्रावधान	9,000	5,500
4	मूर्त परिसम्पत्तियाँ मशीनरी एकत्रित मूल्यह्रास	10,00,000 (70,000)	8,50,000 (45,000)
		9,30,000	8,05,000
5	अमूर्त परिसम्पत्तियाँ पेटेन्ट्स	25,000	15,000

अतिरिक्त सूचना :

वर्ष में ₹ 6,500 का कर भुगतान किया गया ।

भाग ख

विकल्प 2

(कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन)

10. कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन प्रणाली की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *2*

11. (क) आँकड़ा आधारित प्रबन्ध प्रणाली का अर्थ दीजिए । *3*

अथवा

(ख) पेरोल लेखांकन की तैयारी में सन्निहित चरणों का उल्लेख कीजिए । *3*

12. कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन प्रणाली की स्थापना में सम्मिलित चरणों को समझाइए । *5*

Notes to Accounts :

Note No.	Particulars	31.3.2021 ₹	31.3.2020 ₹
1	Reserves and Surplus		
	(Balance in Statement of Profit and Loss)	1,25,000	55,000
2	Short-term Borrowings		
	Bank Overdraft	6,000	5,000
3	Short-term Provisions		
	Provision for Tax	9,000	5,500
4	Tangible Assets		
	Machinery	10,00,000	8,50,000
	Accumulated Depreciation	(70,000)	(45,000)
		9,30,000	8,05,000
5	Intangible Assets		
	Patents	25,000	15,000

Additional Information :

Tax paid during the year amounted to ₹ 6,500.

PART B
OPTION 2
(Computerised Accounting)

10. State any two characteristics of Computerised Accounting System. *2*

11. (a) Give the meaning of Database Management System. *3*

OR

(b) State the steps involved in preparing Payroll Accounting. *3*

12. Explain the steps involved in installation of Computerised Accounting System. *5*